# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार, 3 अप्रैल, 2026

वर्ष 02 | अंक 85 कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे




## पन्ना टाइगर रिजर्व एरिया से ढाई साल की बच्ची गायब!

### पुलिस-वन विभाग टीमें कर रहीं सर्चिंग, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**भोपाल।** एमपी के पन्ना टाइगर रिजर्व की सुनैहरा बीट से आज एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां के टपरियन हार इलाके से एक ढाई साल की मासूम बच्ची रहस्यमयी ढंग से लापता हो गई है। घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। वन विभाग के साथ-साथ पुलिस बल भी हाई अलर्ट पर है। दो साल की मासूम बच्ची पलक आदिवासी के पिता अमर आदिवासी के अनुसार, वह अपनी पत्नी और बेटी के साथ जंगल से सटे अपने खेत में महुआ बीनने गए थे। खेत जंगल के काफी करीब है, जहां उन्होंने अपनी एक छोटी सी टपरिया (झोपड़ी) भी बना रखी है। जब माता-पिता काम में व्यस्त थे, तभी अचानक उनकी मासूम बच्ची ओझल हो गई। रेंजर अजय बाजपेयी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। इलाके में बाघों और अन्य हिंसक जानवरों की मौजूदगी को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि कोई जंगली जानवर बच्ची को उठा ले गया होगा। हालांकि, अभी तक कोई ठोस साक्ष्य या सुराग हाथ नहीं लगा है।

### डॉग स्क्वॉड और सर्च टीमें तैनात

बच्ची की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। मौके पर पन्ना टाइगर रिजर्व का विशेष डॉग स्क्वॉड तैनात किया गया है। वही पुलिस विभाग का डॉग स्क्वॉड भी सर्चिंग में जुटा है। इसके साथ ही पूरे गांव के लोग और वन विभाग का अमला झाड़ियों और घने जंगलों की खाक छान रहा है। रेंजर का कहना है कि हमें पन्ना टीआई रोहित मिश्रा के माध्यम से सूचना मिली थी कि सुनैरा बीट के कक्ष क्रमांक पीआर-443 से एक बच्ची लापता है। पुलिस और हमारी टीमें संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, जांच जारी है। बता दें कि पन्ना के इन जंगलों में बाघों की सक्रियता हमेशा बनी रहती है।

## बंगाल की धरती पर सीएम मोहन यादव की बड़ी दहाड़

### कहा- ममता अब दीदी नहीं रहीं, 'अप्पी' हो गई हैं



भोपाल। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार में एमपी सीएम मोहन यादव की एंट्री हो गई है। सीएम मोहन यादव बांकुरा में बीजेपी प्रत्याशियों के नामांकन में शामिल हुए। साथ ही सभा को संबोधित करते हुए बीजेपी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट डालने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी के राज में सब परेशान हैं। ममता अब दीदी नहीं है,ये अप्पी हो गई हैं। ये बात पूरे देश में सुनाई दे रही है। सीएम मोहन यादव ने कहा कि ममता दीदी बंगाली मानुष के अधिकारों को बांग्लादेश को देने पर तुली हुई हैं। इसलिए यह चुनाव नहीं धर्म युद्ध है। इस माहौल में श्री राम का मंत्र हम सभी को ताकत दे रहा है। आज हमारे बंगाल में यहां का युवा-महिला-गरीब-किसान, सभी लोग बदलाव के लिए खड़े हो गए हैं। सब अपनी आन-बान-शान के लिए लड़ रहे हैं।

- **सीएम बोले-यहां के लोगों का पलायन हो रहा-** बांकुरा जिले में 15 साल से सत्ता पर कायम ममता दीदी के राज में लोग पलायन कर रहे हैं। कोई ओडिशा, कोई महाराष्ट्र और कोई झारखंड जा रहा है। वर्तमान में बंगाल का युवा कंगाल हो रहा है और बांग्लादेशी मालामाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत का कद-उसका मान बढ़ता देख रही है। बांग्लादेश से घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारे अधिकारों पर कब्जा कर रहे हैं। बांग्लादेश के लोगों के लिए बंगाल में कोई जगह नहीं है।
- **आपका चेहरा बता रहा जीत रही है बीजेपी-** मोहन यादव ने कहा कि आपके चेहरे का नूर बता रहा है कि रिजल्ट आने वाला है, बीजेपी जीतने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास के मंत्र पर चल रहे हैं। आज हमारे देश में अनूसूचित जनजाति की बहन राष्ट्रपति पद पर आसीन है। इससे भाजपा की नीति और काम करने का तरीका पता चलता है। वामपंथी-कांग्रेस और ममता की पार्टी ने कभी एससी-एसटी को महत्व नहीं दिया।

## होर्मुज संकट पर ईरान ने कर दिया बड़ा ऐलान

### कहा-हमारे भारतीय दोस्त सुरक्षित, उन्हें नहीं रोकेंगे

### भारत को मित्र देश बताया, सुरक्षा भी सुनिश्चित की



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान ने भारत को बड़ी राहत देते हुए होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता देने का आश्वासन दिया है। ईरान ने भारत को मित्र देश बताते हुए कहा है कि भारतीय ध्वज वाले जहाज और उसमें सवार नाविक सुरक्षित हैं, जिससे एलपीजी और तेल की आपूर्ति बनी रहेगी। ईरान ने कहा है कि भारतीय मित्रों को होर्मुज स्ट्रेट की स्थिति को लेकर कोई चिंता करने की जरूरत नहीं।

- **अब तक 8 जहाज पार कर चुके हैं होर्मुज-** अब तक कम से कम आठ भारतीय जहाज होर्मुज से निकल चुके हैं। इनमें दो एलपीजी कैरियर बीडब्ल्यू टायर और बीडब्ल्यू एल्म शामिल हैं, जिनमें कुल लगभग 94,000 टन एलपीजी का कार्गो था। वर्तमान में भारत के लिए 19 जहाज एलपीजी, कच्चे तेल और एलएनजी लेकर होर्मुज में फंसे हुए हैं। 10 विदेशी झंडे वाले जहाज भारत के लिए ऊर्जा कार्गो लेकर फंसे हैं। इनमें 3 एलपीजी भी हैं।

## राजस्थान पंचायत और निकाय चुनाव में देरी पर हाईकोर्ट सख्त

### जारी किया अवमानना नोटिस, 4 सप्ताह में देना होगा जवाब

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान में पंचायत और निकाय चुनाव कराने में हो रही देरी को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एसपी शर्मा की खंडपीठ ने गुरुवार को राज्य चुनाव आयोग और




राज्य चुनाव आयुक्त राजेश्वर सिंह को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए पूछा है कि हाईकोर्ट के स्पष्ट आदेशों के बावजूद चुनाव प्रक्रिया में इतनी देरी क्यों की जा रही है। यह पूरा मामला पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की ओर से दायर अवमानना याचिका से जुड़ा है।

- **सरकार और आयोग पर चुनाव टालने का आरोप-** सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता पक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार और चुनाव आयोग जानबूझकर चुनाव टालने की कोशिश कर रहे है। आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम से यह स्पष्ट है कि 15 अप्रैल तक चुनाव होना नामुमकिन है। दूसरी ओर, सरकार की तरफ से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार चुनाव की तारीखें आगे बढ़ाने के लिए एक प्रार्थना पत्र दायर करने वाली है। हालांकि, कोर्ट ने सरकार के इस तर्क को फिलहाल दरकिनार करते हुए कहा कि प्रार्थना पत्र बाद की स्थिति है।

## राघव चड्ढा को एएपी ने डिप्टी लीडर पद से हटाया

### ● सांसद के राज्यसभा में बोलने पर भी लगा दी पाबंदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सचिवालय को पत्र लिखते हुए सदन में अपने डिप्टी लीडर राघव चड्ढा को उनके पद से हटाने का आग्रह किया है। पार्टी ने अपने पत्र में ये भी कहा है कि राघव चड्ढा को आप के कोटा से बोलने का समय भी न दिया जाए। इसके साथ ही पार्टी ने एक पत्र राज्यसभा सचिवालय को लिखा है, जिसमें राघव चड्ढा की जगह अशोक मित्तल को डिप्टी स्पीकर बनाने का अनुरोध किया है। अशोक मित्तल पंजाब से आम आदमी पार्टी के सांसद हैं। उनका चयन अप्रैल 2022 में राज्यसभा में हुआ था। तब से ही वह कई संसदीय समितियों के सदस्य रह चुके हैं। इनमें रक्षा समिति, वित्त समिति प्रमुख है।



## आई पैक के दिल्ली-बेंगलुरु हैदराबाद के ठिकानों पर रेड

### ● ईडी ने कस दिया शिकंजा, कोयला घोटाले से जुड़ा है मामला

### कंपनी ममता की पार्टी टीएमसी का चुनाव मैनेजमेंट देख रही

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को पॉलिटिकल कंसल्टेंट कंपनी आई पैक के तीन ठिकानों पर छापेमारी की। टीम दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद में कंपनी के दफ्तरों पर कार्रवाई कर रही है। अधिकारियों के मुताबिक, छापेमारी कोयला चोरी और घोटाले से जुड़े मामले में हो रही है। कंपनी के को-फाउंडर और डायरेक्टर ऋषि राज सिंह के ठिकाने भी इस कार्रवाई के दायरे में हैं। आई पैक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी के लिए चुनाव मैनेजमेंट का काम देखती है। आई पैक और उसके डायरेक्टर पर करोड़ों रुपए के कोयला चोरी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। इस मामले में ईडी ने 27 नवंबर 2020 को एफआईआर दर्ज की थी। पूरा मामला करीब 2,742 करोड़ रुपए से जुड़ा है। इससे पहले जनवरी में ईडी ने कोलकाता में आई पैक के दफ्तर और डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर पर छापेमारी की थी। हाल ही में ईडी ने सिंह और जैन को बयान दर्ज कराने के लिए समन भेजा था। दोनों ने इन नोटिस को रद्द कराने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। उनका कहना है कि वे बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव में व्यस्त हैं। 8 जनवरी को ईडी की टीम ने प्रतीक जैन को घेरा था।



# अखबार वितरक संघ का तृतीय प्रादेशिक सम्मेलनः मुख्य अतिथि मंत्री देवांगन ने कहा-हर वर्ग के लिए काम कर रही भाजपा सरकार, बाथरूम, टॉयलेट एवं बाऊंड्रीवाल के लिए 10 लाख की घोषणा

## महापौर संजूदेवी ने कहा-हर संभव करेंगे मदद

कोरबा। 29 मार्च को संध्या 5.00 बजे अखबार वितरक संघ के तृतीय प्रादेशिक सम्मेलन में कोरबा विधायक एवं प्रदेश के केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने की। अखबार वितरक संघ के तृतीय प्रादेशिक सम्मेलन में जिले भर से सदस्य एवं ब्लाक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए, वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह सहित देश के कई राज्यों से पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। महासम्मेलन अभूतपूर्व ढंग से सफल रहा। महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कोरबा विधायक एवं केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश में भाजपा सरकार सभी वर्ग के लिए काम कर रही है और देश के साथ राज्य भी आगे बढ़ रहा है। अखबार वितरक कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं और इस वर्ग के उत्थान के लिए भी हम प्रतिबद्ध हैं। अखबार वितरक संघ का प्रदेश कार्यालय, वार्ड क्रमांक 15, न्यू पानी टंकी, टी पी नगर कोरबा के विकास के लिए मैं और महापौर मिलकर काम करेंगे। उन्होंने तत्काल प्रदेश कार्यालय में बाथरूम, टॉयलेट एवं बाऊंड्रीवाल के लिए 10 लाख रूपए देने की घोषणा की और कहा कि इसे यथाशीघ्र प्रारंभ भी कर दिया जाएगा। आगे और भी अन्य काम के लिए मैं या महापौर राशि स्वीकृत करेंगे। अखबार वितरक संघ की ओर से प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल ने केबिनेट मंत्री से मांग की और सरल, सहज मंत्री ने यह सौगात दे दी। संघ ने अपनी अन्य मांगों को लेकर केबिनेट मंत्री एवं महापौर को मांगपत्र सौंपा।

महापौर ने कहा कि केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन का कार्यकाल 2 वर्ष हो रहा है और मेरा कार्यकाल अभी एक वर्ष पूर्ण हुआ है और इस अल्प कार्यकाल में नगर निगम क्षेत्र में 800 करोड़ से अधिक कार्यों की स्वीकृति हो चुकी है। अखबार वितरक संघ को आगे बढ़ाने हम हर संभव मदद करेंगे। छत्तीसगढ़ में भी हो अखबार वितरक कल्याण मंडल का गठन- सुनील पाटनकर सम्मेलन में महाराष्ट्र अखबार राज्य वृत्तपत्र विक्रेता संघटना के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाटनकर एवं



उनकी टीम भी उपस्थित हुए और कहा कि हमारे प्रयासों से महाराष्ट्र सरकार ने अखबार वितरकों के कल्याण के लिए अखबार वितरक कल्याण मंडल का गठन किया है और यहां के अखबार वितरकों के लिए भी अखबार वितरक कल्याण मंडल का गठन करने की मांग केबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन से की और कहा कि आपके माध्यम से हमारी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाएं और आप भी इसके लिए प्रयास करें।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह ने भी सम्बोधित किया और अखबार वितरकों की आर्थिक पहलुओं सहित चुनौतियों के बारे में अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम को प्रदेश अध्यक्ष पी एस चंदेल ने भी सम्बोधित किया और कहा कि अखबार वितरक भले ही नीचे तबके के हो सकते हैं, लेकिन भीख नहीं मांगेंगे, हमें अपना अधिकार चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अखबार वितरकों को भी पर्याप्त रूप से मिले। श्रम विभाग के अधिकारियों ने यहां कैम्प लगाया और छूटे हुए सदस्यों का श्रम हितग्राही कार्ड बनाए। कोरबा के आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा ने टीम के साथ स्वास्थ्य शिविर लगाया और यहां उपस्थित लोगों का परीक्षण भी किया और आवश्यक टीप्स दिए और दवाई का वितरण किया। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रफूल्ल तिवारी, पार्षद नरेंद्र देवांगन, प्रेमलता बंजारे, रामकुमार साहू, ईश्वर पटेल, कोरबा भाजपा मंडल के अध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित बाहर से आए अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह, महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पाटनकर, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेन्द्र जायसवाल मंचस्थ थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में दूसरे प्रदेश से आए पदाधिकारी पंकज भट्ट राकेश सैनी, रामश्रेष्ठ पासवान, भोला अवस्थी, भागवत नारायण चौरसिया, दिनेश उईके, विनोद पन्नासे सहित टीम के अन्य सदस्यों की उपस्थिति से सम्मेलन की गरीमा बढ़ी और राष्ट्रीय वितरक महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह महाराष्ट्र अध्यक्ष सुनील पाटनकर ने छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के कार्यालय में रखे शिकायत बॉक्स को भी चेक किया और किसी प्रकार का शिकायत नहीं मिला और छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के कोरबा जिला के पदाधिकारी का किए गए कार्यकाल की प्रशंसा भी किया और संघ को 3 वर्ष आगे और बागडोर संभालने का टीम के साथ निर्णय लिया गया।

अखबार वितरक रामा को मिली नई सायकिल, खिला चेहरा विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में पधारे राष्ट्रीय वितरक महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह एवं उनकी टीम ने एक सायकिल प्रदत्त की और ऐसे अखबार वितरक को देने का एलान किया, जो आर्थिक दृष्टि से कमजोर हो। सौभाग्य से यह सायकिल रामा (रामायण सिंह) को मिली और अतिथियों के हाथों यह सायकिल रामा को दी गई। सायकिल पा कर रामा का चेहरा खिल उठा और आभार व्यक्त किया। यहां उपस्थित अखबार वितरकों का भी सम्मान कर हौसला बढ़ाया गया।

सम्मेलन में आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन करमजीत भारतद्वाज ने किया। इस अवसर पर जिला संरक्षक रेशम साहू, रायगढ़ जिला अध्यक्ष सुरेश भारती, बिलासपुर अध्यक्ष सियाराम विश्वकर्मा जांजगीर-चांपा जिला अध्यक्ष बजरंग यादव ,जिला सचिव जयकुमार नेताम, तपेश्वर राठौर, मीडिया प्रभारी रामा, रायसिंह, अनिल गिरी, शंकर दीवान, संतराम पटेल, तुमान हरदी बाजार इकाई अध्यक्ष महेंद्र राठौर ,इकाई अध्यक्ष फैज मोहम्मद, पाली इकाई अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ठाकुर, कटघोरा इकाई अध्यक्ष बबलू यादव (कन्हैया), बांकीमोंगरा इकाई अध्यक्ष दीवाकर नाहक, जमनीपाली इकाई अध्यक्ष दीपक साहू, रविन्दर, राकेश साहू, विजय दास, दीलबाग, जीवन लाल चौहान, राजकुमार पटेल,दिलीप यादव, राज, कृष्ण निर्मलकर, हर्ष नेताम, बजरंग यादव, अज्जू,निखील देवांगन सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। संघ के सीए प्रमेश चंदेल एवं योगेश वैश्य विशेष रूप से उपस्थित थे। संस्कारम् टीम ने की सहभागिता अखबार वितरक संघ के तृतीय प्रादेशिक सम्मेलन में संस्कारम् टीम ने भी अपनी सहभागिता निभाई। अध्यक्ष आकांक्षा चंदेल ने संस्कारम् टीम के सेवा, समर्पण एवं संस्कार शिक्षा का संक्षिप्त परिचय दिया और कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। संस्कारम् टीम को भी नगर निगम से स्वेच्छानुदान राशि देने की घोषणा महापौर ने की। इस अवसर पर संरक्षक चित्रलेखा चंदेल, सचिव नेहा अग्रवाल, उपसचिव दीपिका पुजारी, प्रियंका जायसवाल, रेणुका लदेर सारिका सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष गेंदलाल शुक्ला, लक्ष्मीकांत जोशी, रंजन प्रसाद, सुधीर राजपूत, हरीश तिवारी, सत्यनारायण पाल, दुर्गेश श्रीवास्तव, युधिष्ठिर राजवाड़े, दिनेश राज, भुवनेश्वर महतो, देवराज राठौर, कुश शर्मा सहित अन्य पत्रकार उपस्थित थे, जिन्हें मंच से सम्मानित किया गया।

# जग्गी हत्याकांडः छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने पूर्व के फैसले को पलटते हुए सुनाया बड़ा फैसला, अमित जोगी को तीन सप्ताह में सरेंडर करने का आदेश

बिलासपुर। एनसीपी के नेता रामअवतार जग्गी हत्याकांड में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने बड़ा फैसला सुनाया है। पूर्व के आदेश को पलटते हुए हाई कोर्ट ने सीबीआई की अपील को स्वीकार कर लिया है। सीबीआई की अपील स्वीकार करने के साथ ही हत्याकांड के प्रमुख आरोपत अमित जोगी को तीन सप्ताह के भीतर सरेंडर करने का आदेश दिया है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई और जग्गी के बेटे सतीश जग्गी ने अलग-अलग याचिका दायर कर हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करने के लिए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट को निर्देशित किया है। पुनर्विचार के लिए वापस छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट भेज दिया है सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जग्गी हत्याकांड की फाइल फिर से खोलकर सुनवाई की जा रही है। याचिकाकर्ता सतीश जग्गी के अधिवक्ता बीपी शर्मा ने डिवीजन बेंच को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले को पुनर्विचार के लिए वापस छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट भेज दिया है। सीबीआई की ओर से उपस्थित अधिवक्ता वैभव ए. गोवर्धन और राज्य की ओर से उपस्थित उप महाधिवक्ता डॉ. सौरभ पांडे ने संयुक्त रूप से निवेदन किया कि राज्य ने 31 मई 2007 को आवेदन पेश कर निचली अदालत द्वारा पारित अमित जोगी के बरी करने के फैसले के खिलाफ अपील करने की अनुमति मांगी थी।

# CBSC में क्लास 3 से 8 तक AI सिलेबस, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बोले- स्कूल में विश्वस्तरीय शिक्षा देने की तैयारी

**दिल्ली में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत सरकार ने हमारे देश के स्कूली बच्चों को विश्व-स्तरीय, अत्याधुनिक ज्ञान देने का संकल्प लिया है** इससे जुड़कर विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के मामले में हमने पहले ही 2026-27 तक दो मुख्य लक्ष्यों 'शिक्षा में AI' और 'शिक्षा के लिए AI' को हासिल करने की अपनी मंशा की घोषणा की थी. उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए CBSE ने आज एक विशेषज्ञ अकादमिक समिति के जरिए, क्लास 3 से 8 तक के छात्रों के लिए एक बड़ा पैकेज पेश किया है शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारा अंतिम लक्ष्य भारत को एक वैश्विक AI सुपर-हब बनाना है. हालांकि, हम यह मानते हैं कि जब तक हम नई पीढ़ी को तैयार करने पर जोर नहीं देंगे, तब तक हम वैश्विक स्तर पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं डाल पाएंगे. धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इस सराहनीय नई पहल को शुरू करने के लिए मैं CBSE और NCERT को बधाई देता हूं.सेंट्रल बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा तैयार किए गए इस CT और AI पाठ्यक्रम का मकसद, तीसरी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों को डिजिटल और विश्लेषणात्मक कौशल की बुनियादी जानकारी देना है, ताकि स्कूली शिक्षा के शुरुआती चरण में ही उभरती हुई टेक्नोलॉजी को इसमें शामिल किया जा सके।

रणजीत टाइम्स



# जिला खनिज के न्यास मण्डल एवं कार्यपालक समिति की बैठक हुई सम्पन्न

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल। जिला खनिज प्रतिष्ठान के न्यास मण्डल एवं कार्यपालक समिति की बैठक विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा एवं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सम्पन्न हुई। जिला खनिज प्रतिष्ठान अंतर्गत वर्ष 2025-26 की कार्य योजना पर चर्चा, जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रस्तावों पर चर्चा एवं अनुमोदन किया गया। पूर्व वर्षों के अनुमोदित कार्यों के संशोधन पर चर्चा तथा अनुमोदन की प्रत्याशा में किए गए कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शहडोल जिले के जीर्ण शीर्ण विद्यालयो को चिन्हित कर मरम्मत के कार्य किये जाए जिससे बरसात के मौसम में विद्यालयो में अध्यनरत विद्यार्थियो को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सड़क मार्ग एवं अतिक्रमण होने वाले विद्यालयो को



प्राथमिकता के साथ बाउण्ड्रीबाल का निर्माण उन्हें सुरक्षित किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों मे ग्रीष्म काल में पेयजल समस्या वाले ग्रामों मे जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नलकूपों का खनन करने तथा स्वास्थ्य विभाग में मातृ मृत्यु दर में कमी लाने हेतु संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए नए डिलेव्हरी प्वाइंट चिन्हित कर वहां आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने के साथ ही जिला चिकित्सालय के लिए आवश्यक स्वास्थ्य उपकरणों की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। जिला चिकित्सालय में ओपीडी की नई व्यवस्था हेतु जिला खनिज मद एवं रोगी कल्याण समिति के माध्यम से ओपीडी निर्माण का भी निर्णय लिया गया। ग्रीष्म कालीन पेयजल व्यवस्था हेतु नगर पंचायत बुढ़ार एवं जयसिंहनगर तथा नगरपालिका शहडोल को 2-2 पानी के टैंकर उपलब्ध कराने के साथ ही गोहपारू थाना एवं तहसील भवन में बाउंड्रीबाल निर्माण का अनुमोदन किया गया।

बैठक में उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने गीता भवन, सड़क निर्माण, छात्रावास निर्माण, शव वाहन जैसे अन्यविकास कार्यों के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए एवं आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति द्वारा जिला खनिज मद से स्वीकृत कार्यों, उनकी पूर्णता तथा वर्तमान में उपलब्ध बजट की जानकारी दी गई। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष शहडोल श्री धनश्याम जायसवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष बुढ़ार श्रीमती शालिनी सरावगी, नगर पंचायत अध्यक्ष ब्यौहारी एवं जयसिंहनगर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## ठंडे बस्ते में जाएगी जांच या होगा एक्शन? खनिज इंस्पेक्टर सोनू श्रीवास के आरोपों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल....

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरी जिले में खनिज विभाग के इंस्पेक्टर सोनू श्रीवास एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। इस बार, खंडों (बोल्डर) का अवैध उत्खनन करने वाले भूरा सरदार ने उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने विभाग में खलबली मचा दी है। वायरल वीडियो में भूरा सरदार कथित तौर पर इंस्पेक्टर सोनू श्रीवास पर लेन-देन और प्रताड़ना के आरोप लगाता नजर आ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब सोनू श्रीवास सुर्खियों में आए हों; इससे पहले भी उन पर भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों में संलिप्तता के कई गंभीर आरोप लग चुके हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जिले में खनिज संपदा का अवैध दोहन धड़ल्ले से जारी है और इस मामले में विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। भूरा सरदार के आरोपों ने एक बार फिर खनिज विभाग की कार्यप्रणाली को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हालांकि, इस वायरल वीडियो और आरोपों की सत्यता के लिए खनिज विभाग के मुख्य अधिकारी राम सिंह यूके से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वही मामले पर खनिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कराता है या हर बार की तरह मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## शहर के बीचों-बीच धधका होटल गैलेक्सी, प्रशासन की 'सुस्ती' और जनता की 'फुर्ती' के बीच पूर्व पार्षद का बड़ा धमाका!

ऋषि गोस्वामी

शिवपुरीः शहर के हृदय स्थल में स्थित होटल गैलेक्सी में आज अचानक लगी भीषण आग ने प्रशासन के दावों की पोल खोलकर रख दी है। इस घटना ने न केवल शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि जनप्रतिनिधियों के गुस्से को भी सातवें आसमान पर पहुँचा दिया है। "नगर पालिका सोती रही, पुलिस और जनता ने संभाला मोर्चा" वीडियो में पूर्व पार्षद रत्नेश जैन ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आग लगने की सूचना एक घंटे पहले ही दे दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुँची। उन्होंने बताया कि जब होटल धूं-धूं कर जल रहा था, तब स्थानीय लोग और मीडियाकर्मी बाल्टियों और जगों से पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे।

रत्नेश जैन के तीखे प्रहारः

नगर पालिका की निष्क्रियताः पूर्व पार्षद ने कहा, "मैं इसी लापरवाही



की वजह से अपने पद से इस्तीफा दे चुका हूँ। शहर के बीचों-बीच आग लगने के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड आती है, यह बेहद शर्मनाक है।"

पुलिस की सराहनाः उन्होंने पुलिस प्रशासन की जमकर तारीफ की। जैन ने कहा कि पुलिसकर्मियों ने अपनी वर्दी की परवाह किए बिना पानी में भीगकर आग बुझाने में मदद की, जिसकी पूरा शहर तारीफ कर रहा है। कागजों पर संसाधनः जब उनसे नगर पालिका के पास मौजूद संसाधनों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा कि "नगर पालिका की फायर ब्रिगेड, टैंकर, पोकलेन और जेसीबी का कोई हिसाब नहीं है। कागजों में सब चल रहा है, लेकिन हकीकत में मौके पर कुछ नहीं दिखता।"

## प्रेस वार्ता में बोले सुरेश- कूट रचित दस्तावेजों से केडीए ने हड़प ली जमीन

कानपुर संवाददाता। बर्रा गांव के रहने वाले सुरेश कुमार के स्वर्गवासी पिता जगजीवन लाल की बर्रा 7 स्थित 114 वर्ग मीटर अराजी की जमीन को हड़प लिया गया है। जमीन को हड़पने वाला कोई भूमाफिया नहीं, बल्कि खुद कानपुर विकास प्राधिकरण है।\

पीड़ित सुरेश कुमार का आरोप है कि कूट रचित दस्तावेजों के सहारे जमीन हड़पने की पूरी साजिश केडीए के हेड क्लर्क ने रची थी। बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पीड़ित ने ये जानकारी दी।

सुरेश कुमार के अनुसार वरिष्ठ लिपिक आदित्य कुमार पांडेय ने साजिश के तहत मूल जमीन मालिक के ही नाम वाला एक फर्जी विक्रेता सुरेंद्र सिंह सहित फर्जी क्रेता, यानि खरीददार अभिषेक सक्सेना को खड़ा कर दिया। चार फर्जी गवाह महेश चंद्र सक्सेना, सोनू वर्मा, राजा श्रीवास्तव और अरूण कुमार को भी शामिल कर लिया।

रणजीत टाइम्स
इंदौर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026


# राजगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अमानत में खयानत के तीन मामलों का आरोपी गिरफ्तार

दिलीप पाटीदार

राजगढ़ थाना पुलिस ने अमानत में खयानत के मामलों में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए तीन अलग-अलग प्रकरणों में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पारूल बेलापुरकर के निर्देशन, व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सरदारपुर श्री विश्वदीपसिंह परिहार के मार्गदर्शन एवं राजगढ थाना प्रभारी समीर पाटीदार के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना राजगढ़ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई । थाना राजगढ़ में पंजीबद्ध अमानत में खयानत के कुल 03 अपराधों में फरार चल रहे आरोपी 1- शैलेन्द्र पिता देवेन्द्रसिंह ठाकुर, जाति राजपूत, उम्र 52 वर्ष, निवासी सरदारपुर पटेल कॉलोनी, हामु नं. 38 महेश बाग, बर्फानी धाम, मालवीय नगर इंदौर 2- मनोज पिता मानसिंह ठाकुर निवासी सरदारपुर थाना सरदारपुर 3- धीरज पिता राधेश्याम प्रजापत जाति कुम्हार उम्र 21 साल निवासी कुमारगड्डा धार 4. जीतू पिता बसंतीलाल तिवारी उम्र 38 साल निवासी प्रेस्टिज कालोनी पीथमपुर को विधिवत




गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया तथा आरोपी के कब्जे से 02 अर्टिगा कार, 01 होण्डा अमेज कार किमती करीब 2500000/- रूपये की जप्त की ।

1. अपराध क्रमांक 77/2026

फरियादी हरिओम पिता दामोदर मुलेवा, निवासी पिपरनी तहसील सरदारपुर द्वारा रिपोर्ट की गई कि उसकी अर्टिगा कार क्रमांक MP-09-CW-1707 को आरोपी धीरज प्रजापत द्वारा दिनांक 21.12.2025 को 25,000 रुपये प्रतिमाह किराये पर लिया गया था। आरोपी द्वारा बैंक किस्त एवं किराया राशि जमा नहीं की गई तथा वाहन वापस न कर बेईमानीपूर्वक खुर्द-बुर्द कर दिया गया। प्रकरण में धारा 316(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

2. अपराध क्रमांक 113/2026

फरियादी बाबुदास पिता बद्रीदास बैरागी, निवासी बसंत विहार कॉलोनी राजगढ़ द्वारा रिपोर्ट की गई कि उसकी होंडा अमेज कार क्रमांक MP-09-CW-2776 को आरोपी शैलेन्द्र ठाकुर द्वारा दिनांक 22.09.2023 को किराये पर लिया गया था। प्रारंभ में कुछ समय किस्त राशि जमा करने के पश्चात आरोपी द्वारा किराया एवं किस्त देना बंद कर दिया गया तथा वाहन बेच देने की बात कहकर वाहन वापस नहीं किया गया। प्रकरण में धारा 316(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

3. अपराध क्रमांक 125/2026

फरियादी राजु पिता शोभाराम भाबर, निवासी झिनटोडी राजगढ़ द्वारा रिपोर्ट की गई कि उसकी अर्टिगा कार क्रमांक MP-45-C-2865 को आरोपी शैलेन्द्र ठाकुर एवं सह आरोपी मनोज ठाकुर द्वारा दिनांक 07.02.2025 को 30,000 रुपये प्रतिमाह किराये पर लिया गया था। प्रारंभ में किराया देने के पश्चात आरोपियों द्वारा किराया देना बंद कर वाहन वापस करने से इंकार कर दिया गया तथा वाहन खुर्द-बुर्द कर दिया गया। प्रकरण में धारा 316(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया।

पुलिस कार्यवाही

उक्त तीनों प्रकरणों में आरोपी 1- शैलेन्द्र पिता देवेन्द्रसिंह ठाकुर, जाति राजपूत, उम्र 52 वर्ष, निवासी सरदारपुर पटेल कॉलोनी, हामु नं. 38 महेश बाग, बर्फानी धाम, मालवीय नगर इंदौर 2- मनोज पिता मानसिंह ठाकुर निवासी सरदारपुर थाना सरदारपुर 3- धीरज पिता राधेश्याम प्रजापत जाति कुम्हार उम्र 21 साल निवासी कुमारगड्डा धार 4. जीतू पिता बसंतीलाल तिवारी उम्र 38 साल निवासी प्रेस्टिज कालोनी पीथमपुर फरार चल रहे थे। थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर सूचना एवं लगातार तलाश के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में सउनि सुनिल राजपूत, सउनि नरेश कोठे, सउनि सैय्यद अहमद, प्रआर विपिन कटारा, प्रआर प्रकाश वसुनिया, आरक्षक जयेन्द्र सिंह जादौन, आरक्षक अमित बामनिया, आरक्षक दिलीप डुडवे , आरक्षक मुकेश परमार की सराहनीय भुमिका रही है । पुलिस अधीक्षक धार श्री मयंक अवस्थी ने उचित ईनाम की घोषणा की है।

---

## बदनावर के मंडी प्रांगण में 5 अप्रैल को आयोजित होगा निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर इंदौर एवं धार के विशेषज्ञ चिकित्सक देंगे सेवाएँ, निःशुल्क जाँच एवं दवाओं का होगा वितरण

दिलीप पाटीदार

धार कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 5 अप्रैल 2026 को बदनावर में एक वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला रेडक्रॉस समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति, धार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित यह शिविर मंडी प्रांगण, बदनावर में प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा।

विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे परामर्शः

इस शिविर में अरविन्दो हॉस्पिटल इंदौर, एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर, विनायक मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल धार एवं जे.टी.पी. सरदार पटेल हॉस्पिटल बदनावर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएँ देंगे। शिविर में हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी (गुर्दा रोग), हड्डी रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, चर्म रोग, नेत्र रोग, मेडिसिन एवं सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। शिविर की प्रमुख विशेषताएँ एवं सेवाएँ:




निःशुल्क उपचार एवं दवाएँ: मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण होगा। विशेष जाँच सुविधाः शिविर में रक्त परीक्षण, सिकल सेल जाँच एवं अन्य लैब जाँच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

टीकाकरण एवं पोषणः 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का एच.पी.वी. (HPV) टीकाकरण किया जाएगा तथा क्षय (TB) रोगियों को फूड बास्केट का वितरण भी होगा।

कार्ड निर्माणः मौके पर ही पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा (ABHA) आईडी बनाए जाएंगे। रक्तदान शिविरः शिविर स्थल पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन भी रखा गया है।

अनिवार्य दस्तावेज

शिविर का लाभ लेने के इच्छुक नागरिक अपने साथ आधार कार्ड, समग्र आईडी एवं परिचय पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाएं। जिला रेडक्रास समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति ने अपील कि है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएं।

## अदालत ने दिया आजीवन कारावास कैदी ने काटा गला जेल में मचा हड़कंप

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल जेल में उस समय हड़कंप मच गया जब कोर्ट द्वारा कैदी को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद कैदी ने जिला जेल में खौफनाक कदम उठा लिया। बुधवार सुबह कैदी ने किसी धारदार वस्तु से अपना गला काटकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिससे जेल में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में जेल प्रशासन ने कैदी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है और हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जेल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कैदी पंकज कटारे मंगलवार को न्यायालय से दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद से तनाव में था। बुधवार सुबह जब सुरक्षाकर्मी बैरक खोलने पहुंचे तो उन्हें बंदी की चादर पर खून के निशान दिखाई दिए। संदेह होने पर जब सुरक्षाकर्मी पास पहुंचे तो देखा कि पंकज कटारे के हाथ में टीन की चादर का छोटा नुकीला टुकड़ा था, जिससे वह अपने गले को काट रहा था।



सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उसे रोका और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां सर्जन डॉक्टर अपूर्व पांडे ने उसका उपचार किया। डॉक्टरों ने बताया कि बंदी के गले में गहरा घाव था, जिस पर चार टांके लगाए गए हैं। फिलहाल उसकी हालत खतरे से बाहर है और संभवतः गुरवार तक उसे अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। जेलर सुनील बैशवाड़े ने बताया कि पंकज कटारे पिछले एक वर्ष से जेल में बंद है और इस दौरान उससे मिलने उसके परिजन कभी नहीं आए और न ही किसी वकील की व्यवस्था की गई। संभवतः इसी कारण वह मानसिक तनाव में था और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद उसने यह कदम उठाया। जानकारी के अनुसार पंकज कटारे पहले भी दुष्कर्म के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट चुका है। करीब एक साल पहले ही वह जेल से छूटा था, जिसके बाद उसने पांडवगर क्षेत्र में एक सुनसान घर में एक छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था, जिसके बाद से वह फिर जेल में बंद था।

# शादी का झांसा देकर 10 साल तक किया शोषण, बामौरकलां पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**शिवपुरी से ऋषि**

शिवपुरी। 'सक्रिय पुलिस-सुरक्षित समाज' के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए बामौरकलां थाना पुलिस ने महिला सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। पुलिस ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने वाले एक आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। क्या है पूरा मामला? पीड़िता ने 1 अप्रैल 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी प्रदीप उर्फ दीपक भट्ट (45), निवासी गणेश चौक पिछोर, वर्ष 2016 से लगातार शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ गलत काम (दुष्कर्म) कर रहा था। आरोपी यहीं नहीं रुका, उसने पीड़िता को मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने



आरोपी के खिलाफ बीएनएस (BNS) की धारा 64(2)m, 87 और 351(3) के तहत अपराध क्रमांक 31/2026 दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस की त्वरित कार्रवाई- पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन एवं एएसपी संजीव मुले व एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में महिला संबंधी अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने सक्रियता दिखाई। "महिला सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधियों के लिए समाज में कोई जगह नहीं है।" थाना प्रभारी बामौरकलां संजय लोधी के नेतृत्व में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज दिनांक 02.04.2026 को आरोपी प्रदीप भट्ट को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से जेल वारंट जारी होने पर उसे उपजेल पिछोर भेज दिया गया है। टीम की सराहनीय भूमिका इस सफल कार्रवाई में निम्नलिखित पुलिसकर्मियों का विशेष योगदान रहाः संजय लोधी (थाना प्रभारी, बामौरकलां) सउनि संदीप कुमार कुजूर आरक्षकः राहुल राठौर (902), परवेन्द्र रावत (90), सत्यम बैरागी (606) महिला आरक्षकः आरती जाटव (453)

# बड़ोदिया में पेयजल संकट से राहत की पहलः 6000 फीट नई पाइपलाइन निर्माण कार्य का शुभारंभ



**दिलीप पाटीदार**

बड़ोदिया ग्राम में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत ने एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम उठाया है। ग्रामीणों को नियमित और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय ट्यूबवेल से नई पानी की टंकी तक लगभग 6000 फीट लंबी पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभ मुहूर्त किया गया। गुरुवार को आयोजित इस शुभारंभ कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ इस कार्य की शुरुआत की गई, जिससे पूरे गांव में उत्साह और उम्मीद का माहौल देखने को मिला। गौरतलब है कि बड़ोदिया में पिछले कुछ समय से पानी की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। विशेषकर गर्मी के मौसम में ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कई बार दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ता था, जिससे महिलाओं और बच्चों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता था।

नई पाइपलाइन के निर्माण से शासकीय ट्यूबवेल का पानी सीधे नई पानी की टंकी तक पहुंचाया जाएगा, जिससे पूरे गांव में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सकेगा। ग्राम पंचायत के अनुसार, इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद गांव के हर घर तक नियमित रूप से पानी पहुंचाने की योजना है। ग्राम पंचायत के उपसरपंच जीवन पाटीदार ने बताया कि यह कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पाइप लाइन आने से ग्रामीणों को पानी कि समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बड़ोदिया के उपसरपंच जीवन पाटीदार, रवि पाटीदार, मुराली पाटीदार , अशोक पाटीदार , घनश्याम पाटीदार, आदि उपस्थित थे।

# नगर में निकली विशाल डंका यात्रा, रामायण पार्ट-2 में हनुमानजी का किरदार निभाने वाले अभिनेता विक्रम मस्तान हुए शामिल

## हनुमान डंका लेकर सड़कों पर निकले युवा, सामूहिक हनुमान चालिसा का किया पाठ



**दिलीप पाटीदार**

**धार। हनुमान जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शहर में युवाओं द्वारा डंका यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों युवा हाथों में पीतल और प्लास्टिक की गदा और केसरिया ध्वज लेकर शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत नौगांव से हुई। शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए यात्रा मोतीबाग चौक में पहुंची, जहां पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में जिले से युवा शामिल हुए। इस यात्रा में रामानंद सागर द्वारा निर्मित रामायण पार्ट-2 में हनुमान का किरदार निभाने वाले अभिनेता विक्रम मस्ताल भी शामिल हुए।**

यात्रा आयोजक रोहित कामदार और प्रभारी अभिनव बिंजवा थे। इसमें सरदारपुर विधायक प्रताप ग्रेवाल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल, पंडित धीरज दीक्षित, पूर्व विधायक पांचीलाल मेड़ा, पूर्व पार्षद बंटी डोड, शहर युकां अध्यक्ष भेरू चौहान, शैलेन्द्र चौहान, राजेश सिंह पटेल, धर्मेन्द्र बुंदेला, दीपक नाहर, पूर्व पार्षद सुनील चौहान, भानू जहाजपुरिया, मनोज चौहान, बंटी वर्मा, अर्पित सोलंकी, शुभम सोलंकी, संजय मालवीय, जीतू बाबा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता मौजूद थे। 50 से अधिक मचों से स्वागत यात्रा के प्रारंभ घोड़ा चौपाटी, मोहन टॉकीज, धानमंडी, आंनद चौपाटी सहित कई मंचों से यात्रा का शहर के विभिन्न मंचों ने स्वागत किया। यात्रा के दौरान पूरा शहर भगवा पताकाओं से भर गया, जय श्री राम, जय श्री राम के उदघोष के पूरा शहर भगवामय हो गया।

### 21 फीट की हनुमान आकर्षण का केन्द्र

डंका यात्रा का शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। एक खुले ट्रॉलीनुमा मंच पर भजन मंडली के साथ अभिनेता लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। यात्रा में 21 फीट की हनुमानजी की मूर्ति लोगों के आकर्षण का केन्द्र रही। भोजशाला के सामने स्थित मोतीबाग चौक में रात्रि 8 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# धार भोजशाला मामले पर MP हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, छह अप्रैल से होगी नियमित सुनवाई

इंदौर। धार के ऐतिहासिक और विवादित भोजशाला परिसर मामले में गुरुवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में एक अत्यंत महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अब इस पर छह अप्रैल से नियमित सुनवाई करने का फैसला लिया है। हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि आगामी सोमवार से इस केस पर हर रोज सुनवाई की जाएगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि बहस की शुरुआत में पहले याचिकाकर्ताओं के तर्कों को सुना जाएगा, जिसके बाद आपत्तिकर्ताओं को अपनी बात रखने का अवसर दिया जाएगा। इस गंभीर मामले की सुनवाई जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और जस्टिस आलोक अवस्थी की युगलपीठ द्वारा की जा रही है।

बता दें कि हिंदू समुदाय भोजशाला को देवी सरस्वती को समर्पित मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष का दावा है कि 11वीं सदी का यह स्मारक कमाल मौला मस्जिद है। वर्तमान में यह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के अधीन है। हाल ही में कोर्ट के आदेश पर एएसआई द्वारा भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण भी किया गया था।


16 मार्च को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी की पीठ ने विवादित भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर से संबंधित याचिकाओं की नियमित सुनवाई के लिए दो अप्रैल से पहले की तारीख निर्धारित की थी और कहा था कि वह स्थल का निरीक्षण करेगा। दो जजों ने धार में किया था परिसर का निरीक्षण-28 मार्च को हाई कोर्ट के दो जजों ने धार में परिसर का निरीक्षण किया। सात अप्रैल, 2003 के एएसआई के आदेश के अनुसार हिंदुओं को हर मंगलवार परिसर में पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुसलमानों को हर शुक्रवार नमाज अदा करने की अनुमति है।

**छतरपुर में 171 क्विंटल अष्टधातु से बनी 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण**

हनुमान जन्मोत्सव

# ग्वालियर और रतलाम में सोने-चांदी से चोला शृंगार





**भोपाल (नप्र)।** आज हनुमान जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। प्रदेशभर में शोभायात्राएं, भंडारे और धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। भोपाल के खेड़ापति हनुमान मंदिर, इंदौर के पितरेश्वर और रणजीत हनुमान, उज्जैन के गेबी हनुमान, जबलपुर के अर्जी वाले हनुमान और ग्वालियर के मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में सुबह से आयोजन चल रहे हैं।

**हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर 2 अप्रैल 2026 को निकलने वाले जुलूस** - ग्वालियर के रोकड़िया महाराज को चांदी की पोशाक पहनाई गई। इसकी कीमत करीब 1 लाख रुपए है। वहीं रतलाम के श्री बरबड़ हनुमान मंदिर और श्री मेहंदी कुई बालाजी मंदिर में सोने से श्रृंगार किया गया। इसके अलावा छतरपुर में 171 क्विंटल अष्टधातु से बनी 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया गया। इसे बनाने में 7 साल लगे हैं। पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार, चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर हनुमान जी का प्राकट्य उत्सव मनाया जाता है। इस बार पूर्णिमा गुरुवार को हस्त नक्षत्र और ध्रुव योग में आ रही है। कन्या राशि के चंद्रमा की साक्षी रहेगी। इस शुभ संयोग में साधु-उपासक हनुमान की कृपा के लिए अलग-अलग धार्मिक अनुक्रम करेंगे।

- **भोपाल: खेड़ापति हनुमान मंदिर- मनोकामना शिला पर लिखते हैं इच्छाएं-** करोंद स्थित 45 साल पुराने खेड़ापति हनुमान मंदिर की विशेषता यह है कि भूतल पर एक मनोकामना शिला (इच्छा-पुकारने का पत्थर) है, जहां भक्त अपनी इच्छाएं लिखते हैं। यहां आज भंडारा, अखंड रामायण पथ (निरंतर जप) और सुबह, शाम आरती होगी। यहां खेड़ापति लोक भी बनाया जाना है।
- **इंदौर: पितरेश्वर हनुमान मंदिर (पितृ पर्वत)- देश की सबसे ऊंची बैठी हुई हनुमान प्रतिमा-** इंदौर का प्रमुख आकर्षण है। बिजासन रोड पर पितृ पर्वत स्थित यह मंदिर दूर से दिखाई देता है। यहां अष्टधातु की बैठी हुई हनुमान प्रतिमा है, जो देश की सबसे ऊंची प्रतिमाओं में मानी जाती है (करीब 72-108 फीट, वजन 108 टन)। यह पितर दोष निवारण और पितरों की शांति के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर शांत वातावरण और पर्यटन स्थल के रूप में भी लोकप्रिय है। शाम को लाइट शो होता है।
- **इंदौर- रणजीत हनुमान मंदिर- प्रतिमा ढाल और तलवार लिए युद्ध मुद्रा में-** इंदौर के फूटी कोठी रोड गुमास्ता नगर में यह प्राचीन और चमत्कारी मंदिर विजय और संकट मोचन के लिए जाना जाता है। यहां हनुमान जी की प्रतिमा ढाल और तलवार के साथ युद्ध मुद्रा (रणजीत रूप) में है। अहिरावण उनके पैरों में है। यह दुनिया का इकलौता मंदिर माना जाता है जहां हनुमान जी इस रूप में विराजमान हैं। 1907 के आसपास स्थापित यह मंदिर परीक्षा, मुकदमा या चुनौती से पहले आशीर्वाद के लिए प्रसिद्ध है। मंगलवार और शनिवार को भारी भीड़ लगती है और प्रभात फेरी निकलती है। मंदिर में केसरिया महल बनाया जा रहा है, जहां बाबा रणजीत दर्शन देंगे। आज दिनभर भजन होंगे।



- **जबलपुर- अर्जी वाले हनुमान- अर्जी लेकर आते हैं भक्त-** जबलपुर के ग्वारीघाट स्थित 100 वर्ष पुराने अर्जी वाले हनुमान मंदिर में आसपास के जिलों से श्रद्धालु आते हैं। भक्त अपनी मन्नतें नारियल में बांधकर लटकाते हैं। यहां साल में एक बार मिलने वाले 'बाल रूप' के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगती हैं।
- **ग्वालियर- मंशापूर्ण हनुमान- 26 साल से अखंड रामायण पाठ-** ग्वालियर रेलवे ओवरब्रिज के नीचे 300 साल पुराने मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में मान्यता है कि यहां मांगी हर मनोकामना पूरी होती है। यहां 26 साल से अखंड रामायण पाठ चल रहा है। आज दिनभर भक्तों की भीड़ रहेगी। हनुमान जन्म के बाद चोला चढ़ाकर पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन होंगे। 56 भोग लगाया जाएगा। सुबह मेले लगेंगे और भंडारे होंगे।
- **उज्जैन- गेबी हनुमान मंदिर- यहां हिंगलू और चमेली के तेल से होता है श्रृंगार-** उज्जैन के ढाबा रोड स्थित गेबी हनुमान की मूर्ति चमत्कारिक मानी जाती है। यहां हनुमानजी का श्रृंगार सिंदूर की जगह हिंगलू (लाल रंग) और चमेली के तेल से होता है। गुड़-चना चढ़ाने की मान्यता है। काला धागा हनुमान जी को स्पर्श कर दिया जाता है, जिससे बुरी बला से मुक्ति और अस्वस्थ लोगों को लाभ मिलता है। खासकर बच्चों को पहनाया जाता है।
- **भिंड- दंदरौआ सरकार- यहां डॉक्टर के रूप में पूजते हैं-** भिंड जिले का डॉक्टर हनुमान मंदिर, जिसे दंदरौआ सरकार धाम कहा जाता है। यहां हनुमानजी को डॉक्टर रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि यहां आने से गंभीर बीमारी में भी राहत मिलती है। दंदरौआ धाम में चोला श्रृंगार, भजन-पूजन और भंडारे होते हैं। 24 घंटे में 1 से 1.5 लाख श्रद्धालु दर्शन करते हैं।

### सागर- परेड वाले हनुमानजी- सैनिक रूप में विराजमान हैं

सागर के छावनी इलाके में परेड मंदिर है। यहां मूंछों वाले हनुमान विराजमान हैं। माना जाता है कि यहां हनुमान सैनिक रूप में हैं। कहा जाता है कि एक सैनिक, जो हनुमान भक्त था, परेड छोड़कर मंदिर आ गया। तभी कर्नल ने हाजिरी लगाई और हनुमान ने सैनिक रूप में हाजिरी दी।

### मुख्यमंत्री ने दीं श्री हनुमान प्राकट्योत्सव की मंगलकामनाएं

**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को श्री हनुमान प्राकट्योत्सव की मंगलकामनाएं और बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कामना की है कि हनुमान जी की कृपा सब पर बनी रहे, उनके आशीर्वाद से सबको सद्बुद्धि-यश और कीर्ति प्राप्त हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रार्थना की है कि पवन पुत्र बजरंगबली सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। सभी के जीवन में सुख-समृद्धि, संपन्नता का आलोक प्रकाशित हो।

# टी-20 बैटर्स रैंकिंग में भारत के 4 बल्लेबाज टॉप-10 में

## साउथ अफ्रीकी एस्टरहुइजन 39वें स्थान पर; ऑलराउंडर में हार्दिक टॉप-2



नईदिल्ली (एजेंसी)। आईसीसी टी-20 बैटर्स रैंकिंग में भारत के 4 बल्लेबाज टॉप-10 में हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 200 रन बनाने वाले साउथ अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन 64 स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑलराउंडर्स रैंकिंग में हार्दिक पंड्या नंबर-2 पर बने हुए हैं।

### अभिषेक टॉप पर काबिज

टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अभिषेक शर्मा 875 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर भी भारत के ईशान किशन हैं। टॉप-10 में भारत के कुल 4 बल्लेबाज शामिल हैं। इसमें तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव भी जगह बनाने में सफल रहे हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे नंबर पर हैं, जबकि इंग्लैंड के फिल सॉल्ट चौथे स्थान पर हैं।
ऑलराउंडर में सिकंदर रजा पहले पायदान पर
ऑलराउंडर रैंकिंग में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा 328 रेटिंग के साथ पहले नंबर पर हैं। भारत के हार्दिक पंड्या 299 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। पाकिस्तान के सैम अयूब तीसरे और नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी चौथे नंबर पर हैं।

# चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट- प्रज्ञानानंदा ने चौथा राउंड ड्रॉ खेला

## विमेंस कैटगरी में दिव्या हारीं, पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे 8वें नंबर पर पहुंचीं

पाफोस (एजेंसी)। साइप्रस के पाफोस में चल रहे स्वद्धस्थ कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चौथे राउंड में जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ खेला। चौथे राउंड में दो मुकाबले ड्रॉ रहे और दो के रिजल्ट निकले। विमेंस में वैशाली रमेशबाबू ने रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ ड्रॉ खेला। वहीं, दिव्या देशमुख को चीन की झू जिनेर के खिलाफ हार मिली।

### प्रज्ञानानंदा चौथे नंबर पर

चौथे राउंड के बाद ओपन कैटेगरी में उज्बेक के ग्रैंडमास्टर जावोखिर सिंदारोव 3.5 पॉइंट्स के साथ टॉप पर हैं।

# न्यूजीलैंड का विमेंस वनडे में सबसे बड़ा रनचेज



### भारत का रिकॉर्ड तोड़ा, केर ने 179 रन बनाए

वेलिंग्टन (एजेंसी)न्यूजीलैंड ने विमेंस वनडे का सबसे बड़ा रनचेज कर लिया। टीम ने दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 2 विकेट से जीत हासिल की। अमेलिया केर की नाबाद 179 रन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने 348 रन का लक्ष्य 49.4 ओवर में 8 विकेट खोकर हासिल किया और सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। वेलिंग्टन में बुधवार को न्यूजीलैंड ने भारत का रिकॉर्ड तोड़ दिया। विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में इंडियन विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट खोकर 341 रन का टारगेट हासिल किया था।

### इसाबेला की पारी ने मैच पलटा

348 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और सूजी बेट्स जल्दी आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर ने पारी संभाली और जॉर्जिया प्लिमर के साथ 52 रन की साझेदारी की। मिडिल ओवर्स में टीम का स्कोर 130/4 हो गया था और मैच साउथ अफ्रीका की पकड़ में दिख रहा था। तभी केर को इसाबेला गेज का साथ मिला, जिन्होंने 48 गेंद में 68 रन बनाकर मैच का रुख बदल दिया। दोनों के बीच 120 रन की तेज साझेदारी हुई।

### साउथ अफ्रीका ने 346 रन बनाए थे

इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 50 ओवर में 346/6 रन बनाए थे। लौरा वोलवार्ट और एनेके बोश ने दूसरे विकेट के लिए 132 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंत में क्लो ट्रायन ने 25 गेंद में नाबाद 52 रन बनाकर स्कोर 347 तक पहुंचाया।

### केर ने 23 चौके लगाए

अमेलिया केर ने 139 गेंद में नाबाद 179 रन बनाए, जिसमें 23 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। उन्होंने पहले पारी को संभाला और फिर तेजी से रन बनाते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। आखिर में केर ने ही चौका लगाकर मैच खत्म किया और टीम को यादगार जीत दिलाई।

# आज पंजाब के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगा सीएसके

### घरेलू मैदान पर जीत की तलाश

चेन्नई (एजेंसी)। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2026 में अपने दूसरे मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज कर लय हासिल करने के इरादे से उतरेगा। यह मैच चेन्नई के घरेलू मैदान पर खेला जाएगा, जहां सीएसके का रिकॉर्ड हमेशा मजबूत रहा है। टीम पहले मैच की हार को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करना चाहेगी।




### पंजाब किंग्स का आत्मविश्वास ऊंचा

पंजाब किंग्स ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी। कूपर कॉनॉली ने तीसरे नंबर पर अहम पारी खेलकर टीम को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला। वहीं युजवेंद्र चहल ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए बीच के ओवरों में विकेट चटकाए।

### मजबूत गेंदबाजी बनी पीबीकेएस की ताकत

पंजाब की गेंदबाजी यूनिट संतुलित नजर आ रही है। चहल के साथ तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाक ने भी अच्छा सहयोग दिया। टीम इस लय को बरकरार रखते हुए सीएसके के खिलाफ भी दबदबा बनाना चाहेगी।

- **पहले मैच में निराशाजनक प्रदर्शन**- राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए पहले मुकाबले में सीएसके का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा था। युवा खिलाड़ियों से सजी टीम किसी भी विभाग में प्रभाव नहीं छोड़ पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। अब टीम उस हार से सबक लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी।
- **धोनी की मौजूदगी से मिलेगा सहारा**- टीम के अनुभवी खिलाड़ी एमएस धोनी पहले मैच में पिंडली की चोट के कारण टीम के साथ नहीं थे। हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में उनके डगआउट में रहने की संभावना है, जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को रणनीतिक मदद मिल सकती है।
- **बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत**- सीएसके के बल्लेबाज पहले मैच में पूरी तरह फ्लॉप रहे थे। संजू सैमसन अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए और वह इस मुकाबले में वापसी करना चाहेंगे। सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर मौका मिला, लेकिन वह इसे भुना नहीं सके।

# देवी के अष्टम स्वरूप मां महागौरी ( कुंडलिनी शक्ति) के प्राकट्य से अज्ञान रूपी अंधकार का नाश होता है

**अपना भारत देश शक्ति का पुजारी है । नवरात्रि में शक्ति के विविध रूपों का पूजन-अर्चन एवं ध्यान किया जाता है। भगवती दुर्गा माँ के आठवें स्वरूप का नाम महागौरी है। देवी की यह शक्ति अमोघ है व इनकी आराधना उत्तम फल प्रदान करती है। इनकी उपासना से साधक के समस्त दोष नष्ट हो जाते हैं।**



सहजयोग संस्थापिका प. पू श्री माताजी निर्मला देवी जी ने व्याख्या की है कि, नवरात्रि के आठवें दिन हम महागौरी का ध्यान करते हैं जिन्हें आदिकुंडलिनी भी कहा गया है। श्री महागौरी स्वरुपिणी देवी ने आपको आत्मसाक्षात्कार दिया है क्योंकि वे आपमें अपना प्रतिबिंब देखना चाहती हैं। कुंडलिनी शक्ति देवी भगवती की इच्छाशक्ति है। कुंडलिनी मात्र कल्पना न होकर मानव के अन्तःस्थित जीवंत शक्ति है। यह शक्ति सभी मनुष्यों में है और सहजयोग द्वारा सामान्य मनुष्य में स्वतः ही इसकी जागृति घटित हो जाती है। कुंडलिनी धर्म परायण है और यह माँ साक्षी भाव में हैं। फिर भी यह जानती हैं कि व्यक्ति के अंदर क्या अच्छाई है और क्या बुराई। कुंडलिनी की कृपा से शरीर व मन के रोग दूर हो जाते हैं। आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति के शरीर से प्रसारित होने वाली चैतन्य लहरियां, उसके शरीर, मन एवं अहंकार रूपी आवरणों को स्वच्छ कर देती हैं। मानव में स्थित महागौरी स्वरुपिणी कुंडलिनी शक्ति विशुद्ध प्रकाश पुंज के रूप में सहस्त्रार को प्रकाशित करती है। मां महागौरी को बल मेधा शक्ति से प्राप्त होता है, जिसकी वृद्धि व संतुलन ध्यान द्वारा संभव है। नियमित ध्यान के अभ्यास से मेधा शक्ति बलवती होकर ज्ञान, ज्ञाता व ज्ञेय को समग्र कर देती है और साधक को पूर्ण व शाश्वत सत्य का साक्षात् प्राप्त होता है। जिस प्रकार सूर्योदय के साथ ही अंधकार का नाश हो जाता है, उसी प्रकार मानव में महागौरी के प्राकट्य से समस्त अज्ञान, विकार और अंधकार ओझल हो

जाता है और समस्त चक्रों व नाड़ियों की शक्ति का प्रवाह सहस्रार केंद्र में होने लगता है। इसके साथ ही मानव का महामानव और परमहंस के रूप में पुनर्जन्म हो जाता है। इस नवरात्रि आप अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।

# चांदनी चौक टाउन हॉल बनेगा दिल्ली का नया पर्यटन केंद्र, 36 माह में होगा कायाकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 160 साल पुराने चांदनी चौक स्थित टाउन हाल के सुधार और इसे पर्यटन केंद्र में विकसित करने के लिए फिर नई योजना सामने आई है। इस बार दिल्ली सरकार और नगर निगम इसे सुधाकर पर्यटन केंद्र के तौर पर विकसित करेंगे। साथ ही इसे अपनी आय का साधन भी बनाएंगे। इसको लेकर दिल्ली सरकार और नगर निगम में ही उच्चस्तरीय बैठक में सैद्धातिक सहमति बन गई है। अब लिखित सहमति के लिए प्रस्ताव आने वाले दिनों में स्थायी समिति की बैठक में आएगा। प्रस्ताव के तहत टाउन हाल का सुधार चरणबद्ध तरीके से होगा। साथ ही इसे पर्यटन हब बनाने के लिए पूरी कार्ययोजना 36 माह की होगी। प्रस्ताव के अनुसार सुधार का कार्य चार चरण में 36 माह में होगा। इसमें इसमें संरक्षण की योजना बनाना, मरम्मत व सुंदरीकरण का कार्य, अंदर का काम (फिट-आउट) और इसे चालू करने का कार्य शामिल है। निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहला चरण (1-8 माह) का होगा। इसमें संरचना और संरक्षण का आकलन करने, सलाह-मशविरा करने और तीन-पक्षीय समझौते के लिए होगा। दूसरे चरण में (9-20 माह) का समय निर्धारित होगा। इसमें संरक्षण प्रबंधन योजना और वित्तीय माडल को लागू करना का कार्य शामिल होगा। जबकि तीसरे चरण के तहत 21-30 माह में गैलरी तैयार करने, प्रदर्शनी विकसित करने और आपरेशन स्टाफ प्रशिक्षण देने के लिए होगा। आखिर में चौथे चरण के तहत 33 वें माह में इसको शुरू करने का कार्य किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सीएम रेखा गुप्ता ने पिछले माह दिल्ली सरकार के बजट भाषण में टाउन हाल परिसर के सुधार और इसे एक वैश्विक विरासत केंद्र



बनाने की घोषणा की थी। इसमें राष्ट्रीय राजधानी की कला, संस्कृति और खान-पान को भी प्रदर्शित किया जाएगा। निगमायुक्त द्वारा स्थायी समिति को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि टाउन हाल एमसीडी की संपत्ति है और 160 पुरानी ग्रे-1 की संरक्षित इमारत है। इसमें 1866 से 2012 तक निगम के मुख्यालय भी संचालित हुआ था। एमसीडी के प्रस्ताव में कहा गया है कि इसके लिए दिल्ली सरकार से एमसीडी ने संपर्क किया था। दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम से इसको लेकर कार्य करेगा। निगम इस पर कोई अतिरिक्त खर्च नहीं करेगा। लेकिन दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम को इसमें टिकट, फूड कोर्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए किराये पर दिए जाने से राजस्व प्राप्त होगा उसमें निगम का भी हिस्सा होगा। बता दें कि टाउन हाल को पहले भी आइजीएनसीए के साथ मिलकर विकसित करने की योजना एमसीडी ने बनाई थी लेकिन निगम की वह योजना अब सिरे नहीं चढ़ पाएगी।

## उत्तम नगर का कायाकल्प शुरू! 200 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की घोषणा

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों की शुरुआत की गई है। स्थानीय विधायक पवन शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के समग्र कायाकल्प के लिए करीब 200 करोड़ रुपये की योजना की घोषणा की है, जिसके तहत सड़कों, नालियों और सीवर व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त किया जाएगा। विधायक ने बताया कि क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 175 करोड़ रुपये के विशेष कार्य शुरू किए गए हैं। इसमें 55 फुटा रोड के निर्माण व मरम्मत और नालियों के नवीनीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अलावा, नगर निगम को भी विकास कार्यों के लिए 30 करोड़ रुपये का अलग से बजट दिया गया है। वर्तमान में विपिन गार्डन इलाके में गलियों और नालियों का निर्माण कार्य लगभग 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है, जिस पर करीब 8 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। वहीं मटियाला, आनंद विहार और डीडीए कालोनी बिंदापुर में भी लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से तेजी से विकास कार्य चल रहे हैं। जल-जमाव और सीवर ओवरफ्लो की समस्या को लेकर विधायक ने कहा कि नवादा जैसे क्षेत्रों में लंबे समय से जाम पड़े सीवरों की मरम्मत और नए सीवर लाइन बिछाने का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है, ताकि लोगों को स्थायी राहत मिल सके। विकास को भी योजना में प्रमुखता दी गई है। मुख्यमंत्री स्कूल मद के तहत दो सरकारी स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए 5 करोड़ और 3 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

# डीटीसी कर्मचारी कल्याण कोष में 22 लाख का गबन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 99000 करोड़ से अधिक के घाटे में चल रहे दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कर्मचारी कल्याण कोष में 22 लाख का गबन हुआ है, जो पिछले कई सालों से किया जा रहा था। डीटीसी प्रशासन द्वारा इस मामले में चार अधिकारियों की बनाई गई समिति ने अपनी रिपोर्ट सौंपी है जिसमें इस बात की पता चला है। समिति ने निगम के एक अनुबंधित कर्मचारी पर इस मामले में शामिल होने का शक जाहिर किया है। निगम प्रशासन अभी इस कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं कर सका है। निगम ने कर्मचारी के साइन मैच कराने के लिए प्रक्रिया शुरू की है। इस बीच निगम ने सभी संवेदनशील पदों पर अनुबंधित कर्मचारियों की नियुक्ति न किये जाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। कर्मचारी पिछले काफी समय से गैर हाजिर चल रहा है। इस मामले में पुलिस में भी एफआइआर दर्ज कराई गई है। डीटीसी दिल्ली सरकार के लिए सार्वजनिक परिवहन सेवा उपलब्ध कराने वाला एकमात्र निगम है। डिम्ट्स की बसें भी अब डीटीसी के बेड़े में शामिल की जा चुकी हैं। इसके बाद इसकी जिम्मेदारी और बढ़ने जा रही है। मगर इन सब के बीच डीटीसी में पैसे का गबन कर लिए जाने का मामला सामने आ चुका है। सूत्रों के अनुसार यह मामला उस समय सामने आया जब किसी कर्मचारी के परिजनों के नाम पर इस कोष से राशि जारी कराने के लिए बैंक में दस्तावेज भेजा गया था।



# तोड़ा जाएगा दिल्ली का ‘मनहूस बंगला’! जहां न कोई सीएम टिका न ही मंत्री, वीआईपी पते 33 शामनाथ मार्ग की रहस्यमयी कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के सिविल लाइंस इलाके में स्थित 33, शामनाथ मार्ग का ब्रिटिश कालीन बंगला दशकों से ‘मनहूस बंगला’ के नाम से चर्चा में रहा है। राजनीतिक घटनाओं, संयोगों और अधूरे कार्यकालों की कहानियों से जुड़ा यह वीआईपी आवास अब एक बार फिर सुर्खियों में है। दिल्ली सरकार इस दो मंजिला बंगले को गिराकर यहां राज्य आपदा प्रबंधन कार्यालय बनाने की संभावना पर विचार कर रही है। करीब 100 साल पुराने इस बंगले को लेकर लंबे समय से राजनीतिक गलियारों में अजीब तरह का डर और मिथक बना हुआ है। यही कारण है कि वर्षों से यह बंगला खाली पड़ा है और कई नेता तथा अधिकारी यहां रहने से परहेज करते रहे हैं। बताया जाता है कि यह बंगला करीब 1920 के आसपास बनाया गया था। करीब 5500 वर्गमीटर क्षेत्र में फैले इस विशाल परिसर में चार बेडरूम, कई ड्राइंग रूम, बड़ा लिविंग एरिया, कॉन्फ्रेंस स्पेस, फव्वारे, सामने बड़ा लॉन और सात स्टाफ क्वार्टर मौजूद हैं। बंगले की एक तकनीकी समस्या भी बताई जाती है, इसके कमरों की अत्यधिक ऊंचाई के कारण यहां आवाज गूंजती है, जिससे इसे उपयोग में लाना कुछ लोगों को असहज लगता है। इस बंगले की बदकिस्मती की चर्चा 1952 से शुरू होती है, जब दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री चौधरी ब्रह्म प्रकाश यहां रहने लगे। लेकिन कथित घोटाले के आरोपों के बीच 1955 में उन्हें अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले ही इस्तीफा देना पड़ा।

इसके बाद 1993 में मुख्यमंत्री बने मदन लाल खुराना को यह बंगला आवंटित किया गया। हालांकि




उन्होंने यहां रहने के बजाय इसे कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किया, लेकिन वे भी 1996 में अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके और इस्तीफा देना पड़ा।

वर्ष 1996 में जब साहिब सिंह वर्मा दिल्ली के मुख्यमंत्री बने, तब भी 33 शामनाथ मार्ग का यह बंगला चर्चा में था। बताया जाता है कि उन्होंने इस बंगले में रहने से परहेज किया, हालांकि कुछ समय तक इसे अपने कैंप कार्यालय के रूप में इस्तेमाल किया गया। लेकिन उनका कार्यकाल भी पूरा नहीं हो सका और बाद में उनकी जगह सुषमा स्वराज को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया गया। इसी कारण राजनीतिक गलियारों में यह धारणा और मजबूत हुई कि इस पते से जुड़े नेताओं का कार्यकाल अक्सर अधूरा रह जाता है।

साल 2003 में दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री दीपचंद बंधु को यह बंगला आवंटित किया गया। बताया जाता है कि कुछ ही समय बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें मेनिन्जाइटिस हो गया। इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के बाद बंगले को लेकर ‘मनहूस’ होने की धारणा और गहरी हो गई और लंबे समय तक कोई भी नेता या अधिकारी यहां रहने के लिए तैयार नहीं हुआ।

शीला दीक्षित ने यहां रहने से कर दिया था इनकार

पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी इस बंगले में रहने से इनकार कर दिया था और उन्होंने मथुरा रोड स्थित अपेक्षाकृत छोटे आवास को चुनना बेहतर समझा। 2013 में दिल्ली सरकार के तत्कालीन प्रधान सचिव (पावर) शक्ति सिन्हा को यह बंगला आवंटित किया गया, लेकिन वे भी केवल चार महीने के भीतर ही इसे छोड़कर चले गए।

आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान इस बंगले को दिल्ली संवाद एवं विकास आयोग का कार्यालय बनाया गया। उस समय आयोग के उपाध्यक्ष आशीष खेतान और बाद में जस्मिन शाह ने यहां से काम किया, लेकिन दोनों का कार्यकाल भी विवादों के बीच पूरा नहीं हो सका। सूत्रों के अनुसार दिल्ली सरकार अब इस ‘मनहूस’ छवि वाले बंगले को गिराने पर विचार कर रही है। योजना यह है कि यहां राज्य आपदा प्रबंधन का नया कार्यालय बनाया जाए।